FATAFAT NEWS

Chhattisgarh News: साड़ियों की आड़ में नकली नोटों का कारोबार, 3 करोड़ 80 लाख रुपए के जाली नोट बरामद, पिकअप में बंडल पर बंडल मिले

महासमुंद. Fake Note: छत्तीसगढ़ की महासमुंद पुलिस को साड़ियों की आड़ में नकली नोटों को छिपाकर ले जा आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने पिकअप वाहन से 3 करोड़ 80 लाख रुपए के ₹500 के जाली नोट बरामद किए हैं। दरअसल, महासमुंद एसपी राजेश कुकरेजा के मार्गदर्शन में लगातार जिले की सरहदी सीमाओं से अवैध सामग्रियों, नशीले पदार्थ, धन व बहुमूल्य धातुओं के परिवहन को रोकने के लिए लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप वैन क्रमांक सीजी 13 AU 4670 से नकली नोट सारंगढ़ तरफ से रायपुर तरफ जा रहा है। इस सूचना पर तत्काल अग्रसेन चौक सरायपाली में घेराबंदी कर आरोपी अरुण सिदार पिता जयपाल सिंह सिदार (18 वर्ष) निवासी सराईपाली थाना सारंगढ़ के कब्जे से 04 प्लास्टिक बोरी जिसके अंदर 500-500 रू. के कुल 760 बण्डल कुल 3 करोड़ 80 लाख रू. के नकली नोट बरामद हुआ।

आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर रुपए की लालच में यह घटना कारित कर रहा था। आरोपी से पूछताछ मेमोरण्डम, तलाशी पंचनामा, बरामदगी पंचनामा कार्रवाई कर धारा 489 (ख)(ग) 34 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वाहन चालक व उसके साथियो के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा सभी नकली नोटों को जप्त कर मामला में उक्त आरोपी के साथ-साथ और कौन-कौन लोग सम्मिलित हैं व कहां पर इस प्रकार के नकली नोटों की छपाई की जा रही है। इस संबंध में पुलिस टीम लगातार विवेचना तथा आरोपी से पूछताछ जारी है।

Source: https://fatafatnews.com/chhattisgarh/chhattisgarh-news-fake-currency-trade-under-the-guise-of-sarees-fake-notes-worth-rs-3-crore-80-lakh-recovered-bundles-upon-bundles-found-in-pickup/240419/